निरीक्षक हस्ताक्षर............................ परीक्षक हस्ताक्षर........................

# वी. एन्ड सी. पटेल अंग्रेजी विद्यालय

मूल्यांकन ॥

विषयः हिन्दी

कक्षाः५

दिनांकः १५-०९-१७

नामः........................................................................................................ गुणः५०

रोल नं.............

## पठन विभाग

प्र-१ निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखो। (३)

जल का जीवन से बहुत महत्वपूर्ण सम्बन्ध है। हमारे शरीर में तीन भाग पानी का है। उसी प्रकार धरती पर तीन भाग जल का है। जल के कारण हरियाली है और हरियाली से ऑक्सीजन प्राप्त होती है। परन्तु लोक इन्डस्ट्रीज तथा बड़े-बड़े भवनों के कारण हरियाली का विनाश कर रहे हैं तथा जल का धरती से गलत प्रयोग किया जा रहा है। कहते हैं " जल ही जीवन है " और " बिन पानी सब सून " यानी जल के बिना हम जीवन की कोई कल्पना ही नही कर सकते। जलके बिना सारी पृथ्वी का पर्यावण प्रदुषित हो जाएगा तथा पृथ्वी रहने लायक नही रहेगी इस कारणवश पृथ्वी मानव विहीन हो जायेगी।

१ - हमारे शरीर में कितना भाग पानी है?

२ - हरियाली से हमें क्या प्राप्त होता हैं?

३ - लोग आजकल हरियाली का विनाश क्यों कर रहें है?

४ - 'नीर' शब्द के लिए गद्यांश में कौन सा शब्द आया है?

५ - दिए गए गद्यांश को उचित शीर्षक दो।

६ - 'धरती' शब्द के लिए गद्यांश में दूसरा कौन सा शब्द आया है?

## व्याकरण विभाग

प्र-२ क) निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए। (३)

१. तपसी-............ २. फ़नकार-............ ३. इहारना-............

४. अनूठी-............ ५. विश्वास-............ ६. अजूबा-............

ख. दिए गए वाक्यों में सर्वनाम का कौन सा भेद है लिखिए। (२)

१. हमारा शहर दूर है।

२. अपना काम स्वयं करो।

ग. दिए गये सर्वनाम में गलत सर्वनाम का प्रयोग हुआ है, सही सर्वनाम शब्द लगाकर वाक्य दोबारा लिखो । (२)

१. इधर कुछ आया है ।

२. तुमको क्या चाहिए ।

३. वहाँ चाह जहाँ राह ।

४. मेरे को आप से काम है ।

प्र-३ क. सही कारक चिहन का प्रयोग करे । (२)

१. दादाजी ........ रोहन को घड़ी दी । ( ने , को )

२. राम ने रावण.......मारा । ( की , को )

३. पूजा ....... फल ले आओ । ( के लिए , से )

४. बंदर पेड़.......चढ़ गया । ( ने , पर )

ख. रेखांकित शब्द के कारक भेद लिखिए । (२)

१. हे प्रभु ! मेरी रक्षा करो ।

२. आकाश का रंग नीला है ।

३. राम ने किताब खरीदी ।

४. भूखे को खाना दो ।

प्र-४ क. निम्नलिखित विरामचिहन का नाम लिखकर वाक्य बनाओ । (३)

१. - ....................

२. ० ....................

३. । ....................

ख. दिए गए शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए । (२)

१. देवता - ............ ............

२. नदी - ............ ............

३. पेड़ - ............ ............

४. कमल - ............ ............

ग. रेखांकित शब्द का पर्यायवाची शब्द लिखकर वाक्य दोबारा लिखो । (२)

१. बगीचे में रंग-बिरंगे फूल होते है ।

२. राजा ने दावत दी ।

३. गंगा पवित्र नदी है।

४. अध्यापक ने पाठ पढाया ।

प्र-५ क. निम्नलिखित वाक्यांश के लिए एक शब्द लिखो। (२)

१. जिसके माता-पिता न हो __________
२. जो छोटा भाई हो __________
३. प्रतिदिन होने वाला __________
४. जो आवश्यक है __________

ख. निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित शब्दों के स्थान पर एक शब्द का प्रयोग करके वाक्य दोबारा लिखो। (२)

१. मेरा भाई प्रशंसा के योग्य है।
२. रोहन कम खाता है।
३. राम मेरा बड़ा भाई है।
४. राजा मीठा बोलता है।

प्र-६ क. नीचे दिए गए अंको को शब्दों में लिखो। (२)

१. ३८ - .......... २. ५० - ..........
३. ४२ - .......... ४. २६ - ..........

ख. खाली जगह भरो। (२)

१. हमारे कक्षा में __________ विद्यार्थी है। ( अंक में )
२. __________ अगस्त को हमारा देश आज़ाद हुआ। ( अंक में )
३. जुलाई महीने को __________ दिन होते है। ( अंक में )
४. Forty-one को हिंदी में __________ बोलते है। ( शब्द में )

-७ क. निम्नालिखित प्रश्नों के उत्तर लिखो। (३)

१. सर्वनाम किसे कहते है ?
२. विरामचिहन किसे कहते है ?
३. कारक के कौनसे भी दो प्रकार लिखो ?

ख. खाली जगह भरो। (२)

१. प्रश्न पूछने के लिए __________ चिहन का प्रयोग होता है।
२. समान अर्थ वाले शब्द को __________ कहते है।
३. जिस सर्वनाम शब्द से निश्चित जानकारी मिलती है उसे __________ सर्वनाम कहते है।
४. कारक के __________ भेद है।

## साहित्य विभाग

प्र-८ क. नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखो | (४)

१. खिलौनेवाले के पास कौन-कौन से खिलौने थे ?

२. नन्हा फ़नकार क्या कर रहा था ?

३.बच्चे कौन-कौन से खेल खेलते थे ?

४. अन्य बच्चे रतन से क्यों घबराते थे ?

ख. दिए गए प्रश्नों के एक वाक्य में उत्तर लिखो | (२)

१. इला सचानी किस काम में निपुन थी ?

२. नन्हा फ़नकार कहाँ रहता था ?

३. साड़ी कौन बेचता था ?

४. कविता में किसकी बेबसी दिखाई है ?

प्र-९ क. किसने किससे कहा | (२)

१. " ठीक है सिपाही ! कुछ देर के लिए हमें अकेला छोड़ दो | "

२. " तब तो तुम्हे मेरे लिए हथौड़े और छेनी का भी इंतजाम करना होगा |"

ख. सही (√) और गलत (x) का निशान लगाइए | (२)

१. खिलौनेवाला मिठाई बेचता था | ............

२. अकबर हिंदुस्तान का बादशाह था | ...........

३. इला पत्थरों पर नक्काशी करती थी | ............

४. रतन के माँ की आँखों में बेबसी थी | ............

## लेखन विभाग

प्र-१० क. नीचे दिए गए अनुच्छेद को सुन्दर अक्षरों में लिखो | (२)

हर एक के जीवन में "अनुशासन" सबसे महत्वपूर्ण चीज है। बिना अनुशासन के कोई भी एक खुशहाल जीवन नहीं जी सकता है। कुछ नियमों और कायदों के साथ ये जीवन जीने का एक तरीका है। अनुशासन वो है जो हम सही समय पर सही तरीके से करते हैं। ये हमें सही राह पर ले जाता है। क्या हम अपने रोज के जीवन में अनुशासन पर चलते हैं ?

ख. नीचे दिए गए चित्र के बारे में १० वाक्य लिखो । (४)

